# कार्यालय जिलाधिकारी, एटा

पत्रांक 760 / J.J.M Etah /220 दिनांकः 05-08-2022

सेवा में,

अधिशासी निदेशक
राज्य पेयजल एवम् स्वच्छता मिशन
नमामि गंगे तथा ग्रामीण जलापूर्ति विभाग,
6–राणा प्रताप मार्ग,
लखनऊ।

विषयः– **जल जीवन मिशन कार्यक्रम के अन्तर्गत जनपद एटा ग्रामीण पेयजल योजनाओं की डी0पी0आर0 के प्रेषण के सम्बन्ध में।**

महोदय,

उपरोक्त विषयक अवगत कराना है कि जल जीवन मिशन कार्यक्रम के अन्तर्गत जिला पेयजल एवम् स्वच्छता मिशन दिनांकः 05–08–2022 की बैठक में अधिशासी अभियन्ता, निर्माण खण्ड, उ0प्र0 जल निगम (ग्रामीण) कासगंज द्वारा जॉचोपरान्त उपलब्ध कराई गई 19 नग डी.पी.आर. का अनुमोदन उक्त बैठक में किया गया। अतः एटा जनपद में 34 राजस्व ग्रामों हेतु ग्रामीण पाइप पेयजल योजनाओं के निर्माण के लिये 19 नग डी.पी.आर. जिसमें समस्त रू 5.00 करोड से कम लागत वाली 18 नग डी.पी.आर. है। जिला पेयजल एवं स्वच्छता मिशन की बैठक दिनॉक 05–08–2022 में अनुमोदन उपरान्त संस्तुति सहित निर्धारित प्रारूप पर संलग्न कर आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित किया जा रहा है एवं 01 नग डी.पी.आर. जो रू 5.00 करोड से अधिक लागत वाली है, को मूल रूप में राज्य पेयजल एवं स्वच्छता मिशन को प्रेषित की जानी है। कृपया प्रेषित योजनाओं को राज्य स्तरीय योजना स्वीकृति समिति की बैठक में सम्मिलित करते हुये स्वीकृति प्रदान करने की कृपा करें।

संलग्नकः– 1. 18 नग डी0पी0आर0। (जो रू 5.00 करोड से कम लागत)।
2. 36 कॉलम की सूचना का फॉर्मेट।
3. 01 नग डी0पी0आर0 (जो रू 5.00 करोड से अधिक लागत)।

भवदीय

(अंकित कुमार अग्रवाल)
जिलाधिकारी / अध्यक्ष
जिला पेयजल एवम् स्वच्छता मिशन,
o/c एटा

पृ0सं0 / / उक्त दिनांक

**प्रतिलिपिः– निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित।**

1. प्रमुख सचिव, नमामि गंगे तथा ग्रामीण जलापूर्ति अनुभाग–1, उ0प्र0 भासन, लखनऊ।
2. आयुक्त महोदय, अलीगढ़ मण्डल, अलीगढ़।
3. मुख्य अभियन्ता (ग्रामीण), उ0प्र0 जल निगम, लखनऊ।
4. मुख्य अभियन्ता (आ0क्षे0), उ0प्र0 जल निगम, आगरा।
5. मुख्य विकास अधिकारी, जनपद एटा।
6. अधिशासी अभियन्ता, निर्माण खण्ड, उ0प्र0 जल निगम (ग्रामीण), कासगंज।
7. मैसर्स पॉवर मैक प्रोजेक्ट – भूरथनम कंस्ट्रक्शन (जे0वी0) हैदराबाद।

5/8/22

जिलाधिकारी / अध्यक्ष
जिला पेयजल एवम् स्वच्छता मिशन,
एटा
o/c

## जल जीवन मिशन कार्यक्रम के अन्तर्गत जनपद–एटा में गठित "जिला पेयजल एवं स्वच्छता मिशन" (DWSM) समिति की दिनांक 05–08–2022 को आयोजित बैठक का कार्यवृत्त

प्रमुख सचिव, उ0प्र0 शासन नमामि गंगे जलापूर्ति अनुभाग–1 के शा0सं0 95/छिहत्तर–1–2020–20 स्वजल/2010 टी0सी0–अ लखनऊ दिनांक 21 जनवरी 2020 के द्वारा पेयजल एवं स्वच्छता मिशन जल शक्ति मंत्रालय, भारत सरकार द्वारा जल जीवन मिशन के अन्तर्गत निर्गत दिशा–निर्देशो के अनुरूप "जिला पेयजल एवं स्वच्छता मिशन" के संगठनात्मक स्वरुप को और सुदृढ बनाने तथा ग्रामीण पेयजल कार्यक्रमो के प्रभावी क्रियान्वयन तथा मूल्यांकन तथा उनके अनुश्रवण हेतु शासनादेश सं0 2211/38–5–2010–20 स्वजल/2010 (टी0सी0–अ), दिनांक 29 नवम्बर 2010 को संशोधित करते हुये जनपद स्तर पर गठित **"जिला पेयजल एवं स्वच्छता मिशन"** समिति की बैठक दिनांक 05–08–2022 को आयोजित की गयी है जिसमें निम्नलिखित सदस्यों द्वारा प्रतिभाग किया गया:–

1– जिलाधिकारी, एटा – अध्यक्ष।
2– मुख्य विकास अधिकारी, एटा – उपाध्यक्ष ।
3– जिला विकास अधिकारी, एटा – सदस्य।
4– जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी, एटा – सदस्य।
5– जिला कृषि अधिकारी, एटा – सदस्य।
6– अधिशासी अभियन्ता, उत्तर प्रदेश जल निगम, कासगंज – सदस्य सचिव।
7– प्रभागीय वनाधिकारी – सदस्य।
8– अधिशासी अभियन्ता, सिंचाई विभाग, एटा – सदस्य।
9– अधिशासी अभियन्ता, भूगर्भ जल विभाग, एटा – सदस्य।
10– प्रतिनिधि मै0 पॉवर मैक प्रोजेक्ट्स–भूरथनम कंस्ट्रक्शन जे0वी0, हैदराबाद।
11– जिला सूचना अधिकारी एटा – सदस्य।
12– प्रतिनिधि असर्फी ग्रामोद्योग संस्थान, ब्लॉक कॉलोनी छर्रा, अलीगढ़।
13– प्रतिनिधि मैसर्स स्टूडेण्ट रिलीफ सोसाइटी, जयपुर।
14– प्रतिनिधि मैसर्स स्टूडेण्ट रिलीफ सोसाइटी, जयपुर।

श्री डी.के.सिहं अधिशासी अभियन्ता एवं सदस्य (सचिव), निर्माण खण्ड, उ0प्र0 जल निगम (ग्रामीण), कासगंज द्वारा अवगत कराया गया कि जल जीवन मिशन कार्यक्रम के अर्न्तगत राज्य पेयजल एंव स्वच्छता मिशन (SWSM) द्वारा 337 नग नई ग्रामीण पेयजल योजनाओ के कियान्वयन हेतु फर्म मैसर्स पॉवर मैक प्रोजेक्ट – भूरथनम कंस्ट्रक्शन (जे0वी0) हैदराबाद एवम् 35 नग रेट्रोफिटिंग/गुणता प्रभावित ग्रामीण पेयजल योजनाओं के कियान्वयन हेतु मैसर्स ऑयन एक्सचेंज इण्डिया लिमिटेड, मुम्बई को चयनित कर उपरोक्तानुसार ग्रामों की सूची उपलब्ध करा दी गई है। ग्रामीण क्षेत्रो में स्वच्छ पेयजल उपलब्ध कराये जाने के दृष्टिगत फर्म द्वारा राज्य पेयजल एंव स्वच्छता मिशन (SWSM) तथा जल निगम मुख्यालय द्वारा समय–समय पर निर्गत किये गये निर्देशो के अनुपालन मे मैसर्स पॉवर मैक प्रोजेक्ट – भूरथनम कंस्ट्रक्शन (जे0वी0) हैदराबाद द्वारा 19 नग ग्रामीण पेयजल योजनाओं की डी0पी0आर0 अधिशासी अभियन्ता, निर्माण खण्ड, उ0प्र0 निगम (ग्रामीण), कासगंज. को उपलब्ध कराई गई। अधिशासी अभियन्ता द्वारा 19 नग डी0पी0आर0 की जांच कर उपयुक्त पाई गई 18 नग डी0पी0आर0 को जिला पेयजल एवम् स्वच्छता मिशन की बैठक दिनांक 05–08–2022 में प्रस्तुत किया गया एवं 01 नग डी.पी.आर. जो 5.00 करोड की लागत से

अधिक है, को मूल रूप में राज्य पेयजल एवं स्वच्छता मिशन को प्रेशित की जानी है। डी0पी0आर0 विरचन हेतु दिशानिर्देश के मुख्य बिन्दु निम्नानुसार हैः–

1– Population Projection हेतु आधार वर्ष 2022, मध्य वर्ष 2037 और डिजाइन वर्ष 2052 रखा जाये। विभिन्न Mathematical एवं Graphical मॉडल्स के आधार पर सर्वोत्तम एवं उचित जनसंख्या का चयन किया जाये।
2– नलकूप और पम्पिंग प्लान्ट के डिजाइन मध्य वर्ष (15 वर्ष) की वाटर डिमान्ड पर किया जाये।
3– अवर जलाशय की क्षमता की गणना मध्य वर्ष (15 वर्ष) पर Draw off पैटर्न पर की जाये।
4– सामान्यतः सोलर आधारित योजनायें निर्मित की जाये, जिस हेतु पम्पिंग Hours 6.5 लिया जाये।
5– वितरण प्रणाली में न्यूनतम पाइप का व्यास 63 एम0एम0 रखा जाये एवं 200 एम0एम0 व्यास तक एच0डी0पी0इ0 पाइप एवं 200 एम0एम0 व्यास से अधिक हेतु डी0आई0 पाईप का प्रयोग किया जाये।
6– वितरण प्रणाली के डिजाइन हेतु न्यूनतम टर्मिनल प्रेशर 7.0 मी0 रखा जाये।
7– वाटर डिमान्ड की गणना हेतु 55 LPCD + 15% unaccounted water को लिया जाये।
8– ग्राम के प्रत्येक घर को गृह संयोजन दिया जाना है एवं प्रत्येक सार्वजनिक स्थल पर एक स्टैन्ड पोस्ट का प्रावधान किया जाये।
9– एक फायर हाइड्रेन्ट वाटर वर्क्स पर एवं एक फायर हाइड्रेन्ट प्रत्येक राजस्व ग्राम में दिया जाये।
10– पम्प हाउस का साइज 10 बी0एच0पी0 तक के पम्प हेतु 2.50 m X 3.0 m X 3.6 m एवं 12.5 बी0एच0पी0 से 40.0 बी0एच0पी0 तक के पम्प हेतु 3.0 m X 3.6 m X 3.6 m रखा जाये।
11– वाटर वर्क्स हेतु बाउन्ड्रीवाल की ऊचाई 1.20 मी0 रखी जाये एवं 3.6 मी0 चौडाई का मेन गेट एवं 1.20 मी0 चौडाई का विकेट गेट रखा जाये।

फर्म द्वारा प्रस्तुत डी0पी0आर0 में ली गई कार्यो की दरे SWSM द्वारा निर्गत दरो के आधार पर ली गई है। राज्य पेयजल एंव स्वच्छता मिशन द्वारा योजना हेतु Per Capita Cost जो की रू0 6400.00 निर्धारित की गई है, के आंकलन हेतु वर्क कॉस्ट, कन्टीजेन्सीज तथा जी0एस0टी0 को सम्मिलित किया गया है। बैठक में समिति के समक्ष अर्ह पाई गई 19 नग डी0पी0आर0 की प्रति व्यक्ति लागत अभिकल्पित वर्ष 2052 हेतु औसतन रू0 6400 से कम है। समस्त प्रस्तुत डी0पी0आर0 की SWSM तथा जल निगम द्वारा निर्गत की गई तकनीकी गाइड लाईन के अनुरूप सघनता से जाँच की गई एवं जांच में पाई गई कमियो का निराकरण कराते हुए समस्त डी0पी0आर0 जिला पेयजल एवं स्वच्छता समिति को प्रस्तुत की गई है, प्रेशित समस्त डी0पी0आर0 का संक्षिप्त विवरण निम्नानुसार हैः–

| Sr. No. | Block | Name of Scheme | Total No. of RV | FHTC (House hold 2022) | Population Details (2052) | Estimated Cost incl Centage (Rs. in Lakh) | Per Capita cost Design Year 2052 |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | ALIGANJ | ANGADPUR | 1 | 522 | 4375 | 273.61 | 5655 |
| 2 | SAKIT | RASOOLPUR | 2 | 327 | 2859 | 202.29 | 6398 |

| | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 3 | MARHERA | GIRORA | 1 | 814 | 6128 | 432.85 | 6387 |
| 4 | SHITALPUR | RAMPUR GHANSHYAM | 1 | 566 | 4944 | 302.85 | 5539 |
| 5 | MARHERA | RAMAI HEMATSHAH | 2 | 404 | 4009 | 266.06 | 6001 |
| 6 | MARHERA | KALYANPUR LALPUR | 3 | 292 | 3046 | 215.32 | 6392 |
| 7 | NIDHAULI KALAN | NAGLA BANDI | 2 | 298 | 2974 | 207.72 | 6316 |
| 8 | MARHERA | LODHAMAI | 1 | 807 | 6153 | 433.94 | 6377 |
| 9 | MARHERA | SHEORAI | 1 | 694 | 5499 | 369.63 | 6078 |
| 10 | ALIGANJ | BHADUIA MATH | 3 | 425 | 3727 | 255.00 | 6187 |
| 11 | MARHERA | SARAI AHMAD KHAN | 1 | 288 | 2203 | 155.88 | 6397 |
| 12 | NIDHAULI KALAN | SUNNA SIHORI | 1 | 824 | 7047 | 441.90 | 5670 |
| 13 | AWAGARH | ABDULHAIPUR | 2 | 338 | 3389 | 239.27 | 6384 |
| 14 | ALIGANJ | PAHRAIYA | 3 | 338 | 3130 | 220.65 | 6374 |
| 15 | AWAGARH | BARAI KALYANPUR | 1 | 1195 | 9089 | 642.86 | 6395 |
| 16 | NIDHAULI KALAN | PIPHARA | 1 | 546 | 5011 | 296.86 | 5357 |
| 17 | JALESAR | KARHALA KASIMPUR | 4 | 661 | 6028 | 425.79 | 6387 |
| 18 | JAITHRA | KASELA | 3 | 413 | 4022 | 271.85 | 6112 |
| 19 | JAITHRA | JAMLAPUR | 1 | 300 | 2183 | 154.43 | 6397 |
| SUB-TOTAL (LOT-12) | | | 34 | 10052 | 85816 | 5808.7 | 6148 |

अतः प्रमुख सचिव, नमामि गंगे एंव ग्रामीण जलापूर्ति अनुभाग–1, उ0 प्र0 शासन, लखनऊ के आदेश सं0 1197/छियत्तर–1–2021–25सम/2019 दिनॉकः 21 मई 2021 के अनुपालन में कार्यदायी संस्था द्वारा जांच उपरान्त उपयुक्त पाई गई 18 नग डी0पी0आर0 जिला पेयजल एवं स्वच्छता मिशन के समक्ष विचारार्थ प्रस्तुत है, सभी डी0पी0आर0 रु0 5.0 करोड़ से कम लागत की हैं। उल्लेखनीय है उप सचिव, नमामि गंगे तथा ग्रामीण जलापूर्ति विभाग, लखनऊ के पत्रांक 36/2021/1599/छिहत्तर–1–2021–25 सम/2019, दिनांकः 08.07.2021 के निर्देशानुसार जिला पेयजल एवम् स्वच्छता समिति द्वारा रु0 5.0 करोड़ तक लागत की डी0पी0आर0 का परीक्षण करके योजनाओं की प्रशासकीय/वित्तीय स्वीकृति प्रदान की जानी है।

अतः जिला पेयजल एवम् स्वच्छता मिशन की बैठक दिनांक: 05–08–2022 में उक्त 18 नग डी0पी0आर0 की प्रशासनिक एवम् वित्तीय स्वीकृति प्रदान करते हुये 18 नग डी0पी0आर0 को अग्रिम कार्यवाही हेतु राज्य पेयजल एवम् स्वच्छता मिशन को प्रेशित करने का निर्णय लिया गया।

अधिशासी अभियन्ता,
निर्माण खण्ड, उ0 प्र0 जल निगम
(ग्रामीण), कासगंज
(सदस्य सचिव)

मुख्य विकास अधिकारी,
( उपाध्यक्ष )
जिला पेयजल एवं स्वच्छता मिशन
एटा

5/8/22.

जिलाधिकारी
( अध्यक्ष )
"जिला पेयजल एवं स्वच्छता मिशन"
एटा

पत्रांकः 760 / J.J.M Etah / 220 दिनांकः– 05-08-2022

# टिप्पणी एवं आदेश

मुख्य विकास अधिकारी/जिलाधिकारी महोदय, एटा

विषयः जल जीवन मिशन के अन्तर्गत इम्प्लीमेंटेशन एजेन्सी द्वारा विरचित डी0पी0आर0 के अनुमोदन हेतु जिला पेयजल एवम् स्वच्छता मिशन की दिनांकः 05.08.2022 की आहुत बैठक के कार्यवृत्त के सम्बन्ध में।

उपरोक्त विषयक आपको अवगत कराना है कि वर्ष 2024 तक जनपद एटा के उत्तर प्रदेश शासन द्वारा चयनित ग्रामों में शुद्ध पेयजल उपलब्ध कराने हेतु मैसर्स पॉवर मैक प्रोजेक्ट्स लिमिटेड जे0वी0 भूरथनम् कन्स्ट्रक्शन, हैदराबाद एवम् मैसर्स ऑयन एक्स्चेंज इंडिया लिमिटेड, नवी मुम्बई का चयन किया गया है। चयनित फर्मों द्वारा चयनित ग्राम पंचायतों 372 नग के सापेक्ष फर्म मैसर्स पॉवर मैक प्रोजेक्ट्स लिमिटेड जे0वी0 भूरथनम् कन्स्ट्रक्शन, हैदराबाद द्वारा जिसमें कि 337 नग अवंटित किया गया है एवं 35 नग मैसर्स ऑयन एक्स्चेंज इंडिया लिमिटेड, नवी मुम्बई को अवंटित किया गया है।

337 नग के सापेक्ष मैसर्स पॉवर मैक प्रोजेक्ट्स लिमिटेड जे0वी0 भूरथनम् कन्स्ट्रक्शन, हैदराबाद की 267 नग डी0पी0आर0 में कुल 286 ग्राम पंचायतों सम्मिलित है तथा मैसर्स ऑयन एक्स्चेंज इंडिया लिमिटेड, नवी मुम्बई की 35 नग डी0पी0आर के सापेक्ष 22 नग डी0पी0आर0 जिला पेयजल एवं स्वच्छता मिशन एटा से स्वीकृत/सस्तुति की जा चुकी है अवशेष 51 नग डी0पी0आर0 के सापेक्ष 19 नग डी0पी0आर0 में कुल 20 ग्राम पंचायतों सम्मिलित फर्म मैसर्स पॉवर मैक प्रोजेक्ट्स लिमिटेड जे0वी0 भूरथनम् कन्स्ट्रक्शन, हैदराबाद द्वारा उक्त बैठक में प्रस्तुत है।

इस प्रकार 19 नग डी0पी0आर0 में कुल 34 राजस्व ग्राम सम्मिलित है के अनुमोदन हेतु दिनांक 05.08.2022 को जिला पेयजल एवं स्वच्छता मिशन एटा की बैठक आहुत की गई है जिसका कार्यवृत्त का आलेख पत्र दांयी तरफ संलग्न है।

कृप्या सहमति की दशा में हस्ताक्षर करना चाहें।

(डी0के0सिंह)
अधिशासी अभियंता

5/8/2022
CDO

05/08/22
जिलाधिकारी
एटा

# जल जीवन मिशन कार्यक्रम के अन्तर्गत जिलाधिकारी महोदय, एटा की अध्यक्षता में गठित ''जिला पेयजल एवं स्वच्छता मिशन'' (DWSM) समिति की दिनांक 05.08.2022 को प्रस्तावित बैठक हेतु

## एजेण्डा नोट–

एजेण्डा बिन्दु सं0—01 (डी0पी0आर0 की प्रगति)

# विस्तृत विवरण

जिला पेयजल एवम् स्वच्छता समिति की बैठक दिनॉक 01—07—2022 तक की बैठक में 267 नग नवीन पेयजल योजनाओं की डी.पी.आर. की स्वीकृति प्रदान की जा चुकी है तथा जल जीवन मिशन कार्यक्रम के अर्न्तगत राज्य पेयजल एवं स्वच्छता मिशन (SWSM) द्वारा ग्रामीण पेयजल योजना के निर्माण हेतु चयनित फर्म मैसर्स पॉवर मैक प्रोजेक्ट — भूरथनम कंस्ट्रक्शन (जे0वी0) हैदराबाद द्वारा राज्य पेयजल एवं स्वच्छता मिशन तथा जल निगम मुख्यालय द्वारा दिए गए निर्देशानुसार कुल 19 नग डी0पी0आर0 विरचित कर अधिशासी अभियन्ता, निर्माण खण्ड, उ0प्र0 जल निगम, एटा को उपलब्ध कराई गईं। अधिशासी अभियन्ता द्वारा 19 नग डी0पी0आर0 की जांच कर उपयुक्त पाई गई 18 नग डी0पी0आर0 जो 5.00 करोड की लागत से कम हैं एवं 01 नग डी.पी.आर. जो 5.00 करोड से अधिक है, को जिला पेयजल एवम् स्वच्छता मिशन की बैठक दिनांक 05—08—2022 में प्रस्तुत किया गया।

उप सचिव, नमामि गंगे तथा ग्रामीण जलापूर्ति विभाग, लखनऊ के पत्रांक 36/2021/1599/छिहत्तर—1—2021—25 सम/2019, दिनांकः 08.07.2021 के द्वारा निर्देशित किया गया कि जिला पेयजल एवम् स्वच्छता समिति द्वारा रु0 5.00 करोड़ तक लागत की डी0पी0आर0 का परीक्षण करके योजनाओं की प्रशासकीय/वित्तीय स्वीकृति प्रदान की जायेगी।

अतः जिला पेयजल एवम् स्वच्छता मिशन की बैठक दिनांकः 05—08—2022 में उक्त 19 नग डी0पी0आर0 को अनुमोदन प्रदान करते हुये रु0 5.00 करोड़ से कम लागत की 18 नग डी0पी0आर0 को “जिला पेयजल एवं स्वच्छता मिशन” समिति के द्वारा संस्तुति कर अग्रिम कार्यवाही हेतु राज्य पेयजल एवम् स्वच्छता मिशन को प्रेशित करने का निर्णय लिया गया एवं 01 नग डी.पी.आर. जो 5.00 करोड से अधिक लागत की होने के कारण मूल रूप में राज्य पेयजल एवं स्वच्छता मिशन को प्रेशित की जानी है।

5/8/2022 5/8/22

जल जीवन मिशन कार्यक्रम के अन्तर्गत जनपद एटा के 32 ग्रामों में ग्रामीण पेयजल योजना के निर्माण कार्य हेतु विरचित की गई डी0पी0आर0 की स्वीकृति / संस्तुति हेतु दिनांक 05-08-2022 को प्रस्तावित बैठक में अधिकारियों की उपस्थिति

| क्र0 | नाम | पदनाम | विभाग का नाम | मोबाइल नं0 | हस्ताक्षर |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 |
| 1 | | DM | | | |
| 2 | आलोक कुमार | ADM (E) | राजस्व | 9454417770 | |
| 3 | राम नयन | ASDM | राजस्व | 9450217153 | |
| 4 | डी० एस० के० बाजपेयी | CDO | | | |
| 5 | डी. के. सिंह | E.E. | Jal Nigam | 9473942834 | |
| 6 | नवीन कुमार | AE. | " | 8126629585 | |
| 7 | विवेक कुमार | J.E. | " | 7819842771 | |
| 8 | तुषार कान्ति राजन | EE | Irrigation | 9936640575 | |
| 9 | मारुती कुमार | GM | POWER MECH (JJM) | 9989263676 | |
| 10 | विनोद कुमार | BEO Nagar | Basic Education | 7800239380 | |
| 11 | Dr. [illegible] | DTO Etah (Dy CMO) | CMO office | 8979014557 | |
| 12 | संजय कुमार | DIO, NIC | NIC | 8279826345 | |
| 13 | | | | | |
| 14 | | | | | |
| 15 | | | | | |

## OFFICE OF EXECUTIVE ENGINEER JAL NIGAM(RURAL), KASGANJ NODAL OFFICE, U.P - JAL JEEVAN MISSION, ETAH DISTRICT

### ETAH DISTRICT - DETAILS OF 19 DPRs SUMMARY STATUS (LOT-12) APPROVED BY DWSM MEETING DATED 05.08.2022 UNDER JAL JEEVAN MISSION

| Sr. No. | Agency | District | Block | Revenue Villages | Name of Scheme | Total No. of GP | Total No. of RV | Total No. of Habitations | FHTC (House hold 2022) | Population Details: Base Yr 2022 | Middle Yr 2037 | Ultimate Yr 2052 | Work Cost excl Centage (Rs. in Lakh) | Centage (Rs. in Lakh) | Estimated Cost incl Centage (Rs. in Lakh) |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 | 8 | 9 | 10 | 11 | 12 | 13 | 14 | 15 | 16 |
| 1 | POWER MECH | ETAH | ALIGANJ | ANGADPUR | ANGADPUR | 1 | 1 | 2 | 522 | 3130 | 3752 | 4375 | 247.40 | 26.21 | 273.61 |
| 2 | POWER MECH | ETAH | SAKIT | RASOOLPUR, NAGARIYA | RASOOLPUR | 1 | 2 | 4 | 327 | 2121 | 2490 | 2859 | 182.91 | 19.38 | 202.29 |
| 3 | POWER MECH | ETAH | MARHERA | GIRORA | GIRORA | 1 | 1 | 6 | 814 | 4472 | 5300 | 6126 | 391.39 | 41.46 | 432.85 |
| 4 | POWER MECH | ETAH | SHITALPUR | RAMPUR GHANSHYAM | RAMPUR GHANSHYAM | 1 | 1 | 1 | 566 | 3108 | 3935 | 4944 | 273.84 | 29.01 | 302.85 |
| 5 | POWER MECH | ETAH | MARHERA | RAMAI HEMATSHAH, RAMAI TODAR SHAH | RAMAI HEMATSHAH | 1 | 2 | 5 | 404 | 2521 | 3188 | 4009 | 240.58 | 25.48 | 266.06 |
| 6 | POWER MECH | ETAH | MARHERA | KALYANPUR LALPUR, PITHANPUR, BEERPUR | KALYANPUR LALPUR | 1 | 3 | 3 | 292 | 2040 | 2451 | 3046 | 194.69 | 20.63 | 215.32 |
| 7 | POWER MECH | ETAH | NIDHAULI KALAN | NAGLA BANDI, RAMANDPUR | NAGLA BANDI | 1 | 2 | 2 | 298 | 1889 | 2303 | 2974 | 187.82 | 19.90 | 207.72 |
| 8 | POWER MECH | ETAH | MARHERA | LODHAMAI | LODHAMAI | 1 | 1 | 7 | 807 | 4545 | 5349 | 6153 | 392.38 | 41.56 | 433.94 |
| 9 | POWER MECH | ETAH | MARHERA | SHEORAI | SHEORAI | 1 | 1 | 4 | 694 | 4161 | 4830 | 5499 | 334.23 | 35.40 | 368.63 |
| 10 | POWER MECH | ETAH | ALIGANJ | BHADUIA MATH, GORA CHAM, BICHPURI, EMADPUR | BHADUIA MATH | 1 | 3 | 3 | 425 | 2632 | 3157 | 3727 | 230.58 | 24.42 | 255.00 |
| 11 | POWER MECH | ETAH | MARHERA | SARAI AHMAD KHAN | SARAI AHMAD KHAN | 1 | 1 | 1 | 288 | 1579 | 1891 | 2203 | 140.94 | 14.94 | 155.88 |
| 12 | POWER MECH | ETAH | NIDHAULI KALAN | SUNNA SIHORI | SUNNA SIHORI | 1 | 1 | 3 | 824 | 4116 | 5367 | 7047 | 399.57 | 42.33 | 441.90 |
| 13 | POWER MECH | ETAH | AWAGARH | ABDULHAIPUR, RASIDPUR URF KHERIAKHATI | ABDULHAIPUR | 1 | 2 | 3 | 338 | 2131 | 2676 | 3389 | 216.35 | 22.92 | 239.27 |
| 14 | POWER MECH | ETAH | ALIGANJ | PAHRAIYA, PIPARGAON JANAB | PAHRAIYA | 1 | 3 | 3 | 338 | 2194 | 2662 | 3130 | 199.51 | 21.14 | 220.65 |
| 15 | POWER MECH | ETAH | AWAGARH | SARAI KALYANPUR | SARAI KALYANPUR | 1 | 1 | 8 | 1195 | 5733 | 7246 | 9089 | 581.28 | 61.58 | 642.86 |
| 16 | POWER MECH | ETAH | NIDHAULI KALAN | PIPHARA | PIPHARA | 1 | 1 | 2 | 546 | 3676 | 4343 | 5011 | 268.43 | 28.43 | 296.86 |
| 17 | POWER MECH | ETAH | JALESAR | KARHALA KASIMPUR, SALWAHANPUR, MUHAMMAD NAGAR | KARHALA KASIMPUR | 2 | 4 | 5 | 661 | 3821 | 4819 | 6028 | 385.00 | 40.79 | 425.79 |
| 18 | POWER MECH | ETAH | JAITHRA | KASELA, SIRAU SALEMPUR | KASELA | 1 | 3 | 8 | 413 | 2943 | 3204 | 4032 | 245.81 | 26.04 | 271.85 |
| 19 | POWER MECH | ETAH | JAITHRA | JAMLAPUR | JAMLAPUR | 1 | 1 | 1 | 300 | 1290 | 1676 | 2183 | 139.64 | 14.79 | 154.43 |
| SUB-TOTAL (LOT-12) | | | | | | 20 | 34 | 71 | 10052 | 57684 | 70719 | 85816 | 5252.4 | 556.41 | 5808.8 |

| Sr. No. | Per Capita cost: Base Year (in Rs.) | Middle Year (in Rs.) | Design Year (in Rs.) | OHT (Nos.) | OHT Capacity (KL) | OHSR Cost (Lakhs) | Staging (m) | T.W. (No) | Pumping Plant (LPM) | Cost of T.W. (Lakhs) | Rising Main (M) | Rising Main Cost (Lakhs) | Dist. System Length (in Metre) | Dist. System Cost (Lakhs) | Road Cutting & Reinstatement Cost (Lakhs): Cost | % | Electrification Cost (Lakhs) | Staff Quarter Cost (Lakhs) | Chlorination and Pumping Unit (Lakhs) | Solar/Electric |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 17 | 18 | 19 | 20 | 21 | 22 | 23 | 24 | 25 | 26 | 27 | 28 | 29 | 30 | 31 | 32 | 33 | 34 | 35 | 36 |
| 1 | 7904 | 6594 | 5655 | 1 | 200 | 38.44 | 12 | 1 | 640 | 15.06 | 25 | 0.61 | 7704 | 87.85 | 41.42 | 47.14% | 6.35 | 9.50 | 10.11 | Solar |
| 2 | 8624 | 7346 | 6398 | 1 | 125 | 32.66 | 16 | 1 | 420 | 12.81 | 25 | 0.48 | 7099 | 52.46 | 14.93 | 28.45% | 6.35 | 0.00 | 10.06 | Solar |
| 3 | 8752 | 7385 | 6387 | 1 | 275 | 54.77 | 16 | 1 | 900 | 15.15 | 25 | 0.61 | 21519 | 188.79 | 89.44 | 47.38% | 6.35 | 0.00 | 11.25 | Solar |
| 4 | 8811 | 6959 | 5539 | 1 | 200 | 38.44 | 12 | 1 | 660 | 15.21 | 25 | 0.61 | 7117 | 106.58 | 38.13 | 30.20% | 6.35 | 9.50 | 10.41 | Solar |
| 5 | 9543 | 7551 | 6001 | 1 | 150 | 38.03 | 18 | 1 | 540 | 13.14 | 25 | 0.48 | 8542 | 84.75 | 38.18 | 45.06% | 6.35 | 9.50 | 10.06 | Solar |
| 6 | 9544 | 7943 | 6392 | 1 | 125 | 32.60 | 16 | 1 | 420 | 12.41 | 25 | 0.48 | 8212 | 62.56 | 18.66 | 30.00% | 6.35 | 0.00 | 10.06 | Solar |
| 7 | 10049 | 7949 | 6316 | 1 | 125 | 30.64 | 12 | 1 | 400 | 12.33 | 25 | 0.48 | 6226 | 63.99 | 29.74 | 46.47% | 6.35 | 0.00 | 9.97 | Solar |
| 8 | 8633 | 7335 | 6377 | 1 | 275 | 47.08 | 12 | 1 | 900 | 15.15 | 25 | 0.61 | 26634 | 197.30 | 90.77 | 46.01% | 6.35 | 0.00 | 11.26 | Solar |
| 9 | 8032 | 6920 | 6078 | 1 | 250 | 54.45 | 16 | 1 | 800 | 15.21 | 25 | 0.61 | 18002 | 136.43 | 49.25 | 36.10% | 6.35 | 9.50 | 10.66 | Solar |
| 10 | 8750 | 7304 | 6167 | 1 | 150 | 32.41 | 12 | 1 | 540 | 13.14 | 25 | 0.48 | 7114 | 82.17 | 40.00 | 48.68% | 6.35 | 9.50 | 10.02 | Solar |
| 11 | 8926 | 7453 | 6397 | 1 | 100 | 28.88 | 12 | 1 | 320 | 12.33 | 25 | 0.48 | 3707 | 30.41 | 8.06 | 26.51% | 6.35 | 0.00 | 9.96 | Solar |
| 12 | 9703 | 7417 | 5670 | 1 | 275 | 54.77 | 16 | 2 | 450 | 24.81 | 725 | 8.46 | 9986 | 128.55 | 53.42 | 41.56% | 12.70 | 9.50 | 19.02 | Solar |
| 13 | 10153 | 8085 | 6384 | 1 | 125 | 35.93 | 18 | 1 | 450 | 12.81 | 25 | 0.48 | 7849 | 76.66 | 30.30 | 39.53% | 6.35 | 0.00 | 10.14 | Solar |
| 14 | 9093 | 7495 | 6374 | 1 | 125 | 38.19 | 20 | 1 | 450 | 12.41 | 25 | 0.48 | 7473 | 60.04 | 19.89 | 33.13% | 6.35 | 0.00 | 10.02 | Solar |
| 15 | 10139 | 8022 | 6365 | 1 | 350 | 60.94 | 14 | 3 | 420 | 38.42 | 1425 | 16.43 | 20598 | 198.90 | 76.50 | 38.45% | 19.05 | 9.50 | 27.98 | Solar |
| 16 | 7302 | 6181 | 5307 | 1 | 225 | 50.04 | 16 | 1 | 740 | 15.21 | 25 | 0.61 | 6634 | 86.24 | 42.98 | 49.83% | 6.35 | 9.50 | 11.06 | Solar |
| 17 | 10076 | 7989 | 6387 | 1 | 250 | 56.99 | 16 | 2 | 400 | 25.46 | 725 | 8.46 | 14270 | 120.64 | 41.46 | 34.36% | 12.70 | 0.00 | 19.16 | Solar |
| 18 | 9666 | 7672 | 6112 | 1 | 175 | 37.33 | 16 | 1 | 540 | 13.14 | 25 | 0.48 | 8759 | 89.81 | 44.85 | 49.94% | 6.35 | 9.50 | 10.02 | Solar |
| 19 | 10825 | 8322 | 6597 | 1 | 100 | 30.50 | 12 | 1 | 300 | 11.11 | 25 | 0.48 | 2722 | 30.60 | 9.69 | 31.67% | 6.35 | 0.00 | 9.91 | Solar |
| SUB-TOTAL (LOT-12) | 9186 | 7470 | 6148 | | | | | | | | | | 199704 | | | | | | | |

अधिशासी अभियन्ता
(सदस्य सचिव)
जिला पेयजल एवं स्वच्छता मिशन
एटा

मुख्य विकास अधिकारी
(उपाध्यक्ष)
जिला पेयजल एवं स्वच्छता मिशन
एटा

जिलाधिकारी
(अध्यक्ष)
जिला पेयजल एवं स्वच्छता मिशन
एटा